an>

Title: Need to ensure construction of overbridges and underbridges at strategic points on under construction four-lane National Highway in Rajsamand district, Rajasthan.

श्री हरिओम सिंह राठौड़ (राजसमन्द) : राजस्थान राज्य के राजसमंद जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड गोमती-उदयपुर फोर लेन निर्माणाधीन कार्य की डी0पी0आर0 दोषपूर्ण है । जहां केलवा गाँव में एलेवेटेड ओवरब्रिज बनना चाहिए था वहाँ नहीं बना । ग्राम राजनगर में ब्रिज जितना लंबा बनना चाहिए था उतना लंबा नहीं बना और मेन क्रासिंग सनवाड राजनगर से पहले ही ड्राप-डाउन कर दिया । नाथद्वारी में जहाँ बाइ पास होना चाहिए था वहाँ एलेवेटेड ओवरब्रिज बनाकर राजस्व बोझ बढ़ाया गया और कई ऐसे गाँव जहां अंडर पास की आवश्यकता थी उनका प्रावधान नहीं रखा है । गाँव मण्डावाला में टोल प्लाजा गलत स्थान पर बनाया गया है । मैं माननीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि यदि संभव हो तो सारी योजना का पुनः अवलोकन कर आवश्यक कार्यवाही करवाने का कष्ट करें ।